प्रधानमंत्री ने ट्रेन स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में 21 स्टेशनों और 83 रोड ओवर/अंडर ब्रिज के पुनर्विकास सहित कई रेलवे परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन तथा शिलान्यास किया।

मुख्य बिंदु:

- **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR)** के अनुसार, पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए देशभर में 41,000 करोड़ रुपए की कुल 2,000 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- इन स्टेशनों में से 21 स्टेशन छत्तीसगढ़ में आते हैं- कोरबा, रायगढ़, राजनांदगाँव, सरोना, भाटापारा, डोंगरगढ़, भिलाईनगर, हथबंध, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, निपानिया , मंदिर हसौद और भिलाई।
  - **ओडिशा** में बेलपहाड़ और ब्रजराजनगर, **मध्य प्रदेश** में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, बिजुरी, मंडला किला, बालाघाट, नैनपुर, छिंदवाड़ा , सिवनी तथा महाराष्ट्र में इतवारी, कैम्पटी, आमगाँव, भंडारा रोड एवं तुमसर रोड।

अमृत भारत स्टेशन योजना

- अमृत भारत स्टेशन योजना का लक्ष्य देश भर में 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास करना है।
- यह पुनर्विकास **आधुनिक यात्री सुविधाएँ** प्रदान करने के साथ-साथ इंटर-मोडल एकीकरण तथा यात्रियों के लिये सुव्यवस्थित दिशा-निर्देश की सुविधा प्रदान करने के लिये साइनेज़ (संकेतों के माध्यम से) सुविधा भी सुनिश्चित करेगा।
- यह योजना **रेल मंत्रालय द्वारा फरवरी 2023** में शुरू की गई थी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR)

- यह ज़ोन दक्षिण पूर्व रेलवे के विभाजन के बाद **1 अप्रैल 2003** को अस्तित्व में आया।
- इसका मुख्यालय **बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में** है तथा इसमें तीन डिवीज़न शामिल हैं: **बिलासपुर, रायपुर और नागपुर।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-lays-foundation-stone-for-redevelopment-of-train-stations